Arth Parkash 15-9-25

# पीयू और एसडी कॉलेज की असिसटेंट प्रोफेसर्स की पुस्तक का विमोचन

**समारोह में राज्यसभा सांसद और वीसी ने की विशेष रूप से शिरकत**

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**




**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू तथा सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर के वाइस-चांसलर डॉ. एसके मिश्रा ने एक समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी और एसडी कॉलेज के असिसटेंट प्रोफेसर्स द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया जिसका शीर्षक हाउसिंग एंड रीहैबिलिटेशन इन हरियाणा-एन इवेल्युशन ऑफ पॉलिसीज एंड प्रोग्राम्स है।

मानव मंगल ग्रुप ऑफ स्कूल्स और डॉ. जीसी मिश्रा मेमोरियल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित छठे टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 समारोह के दौरान संधू और डॉ. मिश्रा ने पुस्तक का विमोचन किया।

यह पुस्तक पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. पूर्वा मिश्रा तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32, चंडीगढ़ के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. शीना चड्ढा द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में हरियाणा में लागू की गई आवास और पुनर्वास नीतियों व कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया है।

पुस्तक में उन पहलों पर प्रकाश डाला गया है जिनका उद्देश्य आवास की उपलब्धता और वहनीयता बढ़ाना है, साथ ही भूमि की बढ़ती कीमतों और अपर्याप्त क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों का समाधान करना है। इसमें 2013 की किफायती आवास योजना, 2014 की बीपीएल योजना (ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स हेतु), 2016 की एचबीएच योजना (पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के लिए) तथा 2007 की आउस्टीज योजना (भूमि अधिग्रहण पीड़ितों के पुनर्वास हेतु) जैसी योजनाओं को शामिल किया गया है।

लेखकों ने बताया कि हालांकि सरकार ने कई प्रयास किए हैं, फिर भी शहरी क्षेत्रों में आवास की भारी कमी, खाली पड़े मकान और जर्जर ढांचे यह संकेत देते हैं कि और अधिक प्रभावी तथा समावेशी रणनीतियों की आवश्यकता है। पुस्तक में फरीदाबाद और पंचकूला में लागू आशियाना योजना का केस स्टडी भी प्रस्तुत किया गया है, जो बीपीएल परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का प्रयास है। सफलता के बावजूद इस योजना को कानूनी विवादों, अतिक्रमण और धनराशि जारी करने में देरी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

Dainik Savera Times 15-9-25

# राज्यसभा सांसद ने एसडी कॉलेज की असिसटैंट प्रोफैसर्स की पुस्तक का विमोचन




**सवेरा न्यूज / राकेश शर्मा**

चंडीगढ़, 14 सितंबरः राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू तथा सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर के वाइस-चांसलर डॉ. एसके मिश्रा ने एक समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी और एसडी कॉलेज के असिसटेंट प्रोफेसर्स द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया जिसका शीर्षक हाउसिंग एंड रीहैबिलिटेशन इन हरियाणाःएन इवेल्युशन ऑफ पॉलिसीज एंड प्रोग्राम्स है। मानव मंगल ग्रुप ऑफ स्कूल्स और डॉ. जीसी मिश्रा मेमोरियल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित छठे टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 समारोह के दौरान संधू और डॉ. मिश्रा ने पुस्तक का विमोचन किया।

यह पुस्तक पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. पूर्वा मिश्रा तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. शीना चड्ढा द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में हरियाणा में लागू की गई आवास और पुनर्वास नीतियों व कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया है। पुस्तक में उन पहलों पर प्रकाश डाला गया है जिनका उद्देश्य आवास की उपलब्धता और वहनीयता बढ़ाना है, साथ ही भूमि की बढ़ती कीमतों और अपर्याप्त क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों का समाधान करना है। इसमें 2013 की किफायती आवास योजना, 2014 की बीपीएल योजना (ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स हेतु), 2016 की एचबीएच योजना (पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के लिए) तथा 2007 की आउस्टीज योजना (भूमि अधिग्रहण पीड़ितों के पुनर्वास हेतु) जैसी योजनाओं को शामिल किया गया है। लेखकों ने बताया कि हालांकि सरकार ने कई प्रयास किए हैं, फिर भी शहरी क्षेत्रों में आवास की भारी कमी, खाली पड़े मकान और जर्जर ढांचे यह संकेत देते हैं कि और अधिक प्रभावी तथा समावेशी रणनीतियों की आवश्यकता है। पुस्तक में फरीदाबाद और पंचकूला में लागू आशियाना योजना का केस स्टडी भी प्रस्तुत किया गया है, जो बीपीएल परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का प्रयास है। सफलता के बावजूद इस योजना को कानूनी विवादों, अतिक्रमण और धनराशि जारी करने में देरी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक ट्रिब्यून, चंडीगढ़, सोमवार, 15 सितंबर, 2025

## खबर है...

# राज्यसभा सांसद ने किया पुस्तक का विमोचन




चंडीगढ़ में रविवार को पुस्तक का विमोचन करते राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू व अन्य। -ट्रिन्यू

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू तथा सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर के वाइस-चांसलर डॉ. एसके मिश्रा ने एक समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी और एसडी कॉलेज के असिसटेंट प्रोफेसर्स द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया जिसका शीर्षक 'हाउसिंग एंड रीहैबिलिटेशन इन हरियाणा:एन इवेल्युशन ऑफ पॉलिसीज एंड प्रोग्राम्स' है। मानव मंगल ग्रुप ऑफ स्कूल्स और डॉ. जीसी मिश्रा मेमोरियल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित छठे टीचर्स एक्सीलेंस अवाइर्स २०२५ समारोह के दौरान संधू और डॉ. मिश्रा ने पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. पूर्वा मिश्रा तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-३२, चंडीगढ़ के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. शीना चड्ढा द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में हरियाणा में लागू की गई आवास और पुनर्वास नीतियों व कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया है।